University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ..................

दिनांक..................

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई)**
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

**महोदय/महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2025 को मनाया जाना है। जिसके कम में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित कॉमन योग प्रोटोकाल का अभ्यास होगा तथा प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक विश्व कीर्तिमान स्थापित करने हेतु 11 राउड सूर्य नमस्कार का अभ्यास/प्रदर्शन किया जाना है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन, द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय के योग सभागार में दिनांक 17.06.2025 से 19.06.2025 तक प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक सूर्य नमस्कार के अभ्यास के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है।

अतः मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में अनुरोध है कि महाविद्यालय/संस्थान से एक व्यक्ति को नामित कर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने की कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु डॉ0 अमरजीत यादव, फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन, लखनऊ विश्वविद्यालय के दूरभाष नं0– 9415774470 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

भवदीय,

**(विद्यानन्द त्रिपाठी)**
कुलसचिव

संख्या– CA-10513-20 दिनांक– 12/06/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/इंचार्ज, ल0वि0।
3. अधिष्ठाता, अकादमिक, ल0वि0।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0।
5. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद् को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0।
7. डॉ0 अमरजीत यादव, फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन, ल0वि0।
8. इंचार्ज वेबवाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें तथा महाविद्यालय के लिंक पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कार्यालय प्रति।

12-6-2025
कुलसचिव